बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :–01 / भू0अ0नि0 (9) विविध (प्रतिवेदन)–05 / 2020....1694

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बन्दोबस्त पदाधिकारी,
सुपौल।

पटना, दिनांक :– 16-06-2021

विषय :– मौजा टैगिंग के संबंध में।

महाराय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि श्री श्यामल किशोर पाठक, तत्कालीन विशेष सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा सुपौल जिले के बन्दोबस्त कार्यों के पर्यवेक्षण पश्चात् प्रतिवेदित किया गया कि "मौजा टैगिंग कहीं–कहीं Rational तरीके से नहीं किया गया है। उदाहरणार्थ सुपौल जिले के ग्राम पंचायत कर्णपुर के मुखिया एवं ग्राम सभा में रैयतों द्वारा बतलाया गया कि खरैल मौजे की टैगिंग लौढ़ विशुनपुर के साथ की गई, जबकि कर्णपुर मौजे की टैगिंग मल्हनी गोपाल के साथ की गई। रैयतों द्वारा बतलाया गया कि खरैल के लौढ़ विशुनपुर की दूरी लगभग 10 किलोमीटर की है, जिससे रैयतों को असुविधा एवं कठिनाई होगी। मुखिया एवं रैयतों द्वारा माँग की गई कि कर्णपुर, खरैल, मैरचा एवं महेशपुर की टैगिंग मल्हनी गोपाल के साथ की जाय ताकि रैयतों को सुविधा हो। सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल को निदेशित किया गया कि जाँचोपरांत समुचित कार्रवाई जाय। निदेशालय स्तर से भी निदेशित किए जाने की आवश्यकता है"।

उक्त सुझाव के आलोक में अनुरोध है कि इस संबंध में यथोचित कार्रवाई कर उक्त मामला सहित अन्य शिविरों के गठन एवं मौजा टैगिंग में अपेक्षित सुधार कर लेने का कष्ट किया जाय।

विश्वासभाजन

15/6/21

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0 (9) विविध (प्रतिवेदन)–05 / 2020...1694... **पटना, दिनांक**...16-06-2021

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद,अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढी, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि अपने जिले में भी शिविरो के साथ मौजा टैगिंग Rational तरीके से है कि नहीं के संदर्भ में जाँचोपरांत यथोचित कार्रवाई कर ली जाय।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev 2021\Manoj Jha Sir Assistant director\Director\File No. 05 2020 15.06.2021 2.doc

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0 (9) विविध (प्रतिवेदन)–05 / 2020...1694 **पटना, दिनांक**..16-06-2021

प्रतिलिपिः– संबंधित जिलों के सभी निदेशालय स्तरीय नोडल पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0 (9) विविध (प्रतिवेदन)–05 / 2020..1694.... **पटना, दिनांक**..16-06-2021

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0 (9) विविध (प्रतिवेदन)–05 / 2020..1694....**पटना, दिनांक**..16-06-2021

प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप